हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

11 कॉलोनियों व झुग्गियों में नशीले पदार्थों पर छापेमारी



12 जिलेभर में अब तक 159 जगहों पर छापेमारी...



## खबर संक्षेप

### हमला करने के मामले में चार आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** रास्ता रोककर हमला करने और गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान साहब सिंह पुत्र जीत सिंह, रामजी लाल पुत्र ठाकर राम, सुभाष पुत्र रामजी लाल तथा जगशेर सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी बहबलपुर के रूप में हुई है।

### सड़क हादसे के आरोपी कार चालक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड पर पैदल जा रहे युवक को टक्कर मारने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सन्नी पुत्र बलवंत, निवासी हरमन सिंह कॉलोनी, बीघड़ रोड, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 6 दिसंबर को अमनदीप निवासी डी.सी. कॉलोनी, नजदीक परशुराम पार्क, फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### पोक्सो एक्ट के मामले में दूसरे आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** पोक्सो एक्ट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए भुना पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना भुना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 6 दिसंबर शिकायतकर्ता ने अपनी नाबालिग बेटी के गुमशुदा होने की शिकायत थाना भुना में दर्ज करवाई थी।

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एएनसी सेल फतेहाबाद पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर फतेहाबाद में एक युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। एएनसी सेल प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि टीम 4 मरला कॉलोनी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान प्राप्त गुप्त सूचना व शक के आधार पर एक युवक को रोका गया।

### पुलिस ने लाहन सहित एक युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने अवैध रूप से देशी शराब तैयार करने वाले एक युवक को काबू किया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक सादीराम ने बताया कि पुलिस टीम रूटीन गश्त पर थी, इसी दौरान मुखबर खास से सूचना प्राप्त हुई कि गांव ललौदा निवासी एक व्यक्ति अपने घर पर अवैध देशी शराब तैयार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तुरंत छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी जोगिन्द्र सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ललौदा के घर से 80 लीटर लाहन यानि अवैध देशी शराब बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर थाना सदर टोहाना में केस दर्ज कर आरोपी जोगिन्द्र सिंह पुत्र निवासी ललौदा को मौके से गिरफ्तार किया।

## बीजेपी जिलाध्यक्ष बोले: विकास कार्य शुरू होने पर पार्षदों ने जताया आभार, वहीं पार्षद बोले: अभी न टेंडर हुए और न ही वर्क ऑर्डर

*वरिष्ठ पार्षद नारंग के अनुसार भाजपा जिलाध्यक्ष से केवल शिष्टाचार के नाते मिले*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

एक तरफ सोमवार को शहर में विकास कार्य न होने पर पार्षदों ने डीएमसी से मिलकर रोष जताया था वहीं मंगलवार को वही पार्षद बीजेपी जिला कार्यालय में पहुंच गए। बीजेपी द्वारा जारी प्रेस नोट में जहां इन पार्षदों द्वारा विकास कार्य शुरू करवाने को लेकर बीजेपी जिलाध्यक्ष का आभार प्रकट करने की बात कही गई है वहीं पार्षदों का कहना है कि वह शिष्टाचार मुलाकात के लिए बीजेपी जिलाध्यक्ष से मिले थे। पार्षदों ने साफ कहा कि अभी तो कोई विकास कार्य शुरू हुए हैं और न ही वर्क आर्डर जारी किए गए हैं।

### यह बयान जारी किया

बीजेपी के प्रैस नोट के अनुसार नगर के वार्डों में अधर में लटके विकास कार्यों को शुरू करवाने पर शहर के विभिन्न पार्षदों ने मंगलवार को बीजेपी जिला कार्यालय में पहुंचकर भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पार्षद सुरेन्द्र डींगवाल, पार्षद मोहन लाल नारंग, पार्षद सुखदेव सिंह, पार्षद हंसराज योगी, पार्षद सुभाष नायक, पार्षद प्रतिनिधि सुनील शर्मा, मनोनीत पार्षद जगदीश नायक, पार्षद मा. चन्द्रभान वधवा, पार्षद रमेश गिल्होत्रा व मनोज भ्याना मौजूद रहे। पार्षदों ने जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से लगभग सभी वार्डों में अनेक विकास कार्य शुरू हो चुके हैं और अनेक कार्यों के टेंडर लगाकर वर्क ऑर्डर भी दिया जा चुका है। जिससे पार्षदों व शहरवासियों में भी संतुष्टि है। वहीं जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने भी सभी पार्षदों और शहरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा सरकार विकास कार्यों को लेकर गंभीर है। कभी भी विकास कार्य रुकने नहीं दिए जाएंगे। जनता की हर जायज मांग को पूरा करना भाजपा सरकार की विशेषता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में नॉन स्टॉप विकास कार्य हो रहे हैं। अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर जन जन का उत्थान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों विकास कार्यों की मांग को लेकर नगर परिषद में धरने देने वाले पार्षदों को जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने विकास का विश्वास दिलाया था और धरने को समाप्त करवाया था, वहीं अपने वायदे को पूरा करते हुए उन्होंने नगर परिषद के तमाम मुद्दों को सुलझाकर विकास कार्य शुरू करवा दिए हैं।



फतेहाबाद। बीजेपी जिलाध्यक्ष का आभार जताते पार्षद।

### एस्टीमेट के बाद ही लगेंगे टेंडर : पार्षद

नगरपरिषद के वरिष्ठ पार्षद मोहन लाल नारंग के अनुसार शहर के अनेक पार्षद सोमवार को विकास कार्यों को लेकर डीएमसी से मिले थे। अधिकारी ने बताया कि नगरपरिषद के अधिकारी ट्रेनिंग पर है। सोमवार को उनके आने के बाद ही पार्षदों के एजेंडे पर चर्चा होगी। नारंग के अनुसार पार्षद बीजेपी जिलाध्यक्ष से शिष्टाचार के नाते मिले हैं और पार्षदों के धरने पर पहुंचने पर उनका आभार जताया है। मुलाकात में विकास कार्यों के टेंडर, वर्क आर्डर व काम शुरू होने को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। पार्षद ने कहा कि अभी कोई टेंडर नहीं लगा है, न ही कोई वर्क ऑडर हुए हैं। अभी एस्टीमेट बनने की प्रक्रिया में हैं और उसके बाद ही टेंडर लगेंगे और वर्क आर्डर है। नारंग ने उम्मीद जताई कि जल्द ही शहर में विकास कार्यों पर काम शुरू हो जाएंगे।

### दूसरे दिन भी गांवों के पीएचसी सेंटरों में पसरा रहा सन्नाटा

## डॉक्टरों की हड़ताल के चलते नहीं हो सके आंखों के ऑपरेशन, तारीख टली

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

डायरेक्ट एसएमओ भर्ती सहित विभिन्न मांगें पूरी न होने के विरोध में फतेहाबाद जिले के सरकारी अस्पतालों में मंगलवार को डॉक्टर हड़ताल पर रहे। जिले में कुल 97 चिकित्सकों में से 82 चिकित्सक हड़ताल पर रहे। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण नागरिक अस्पतालों में पहले ही अपेक्षा काफी कम संख्या में लोग पहुंचे। अधिकतर अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में सन्नाटा पसरा नजर आया। सोमवार की तरह मंगलवार को भी अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से बुलाए गए सात डॉक्टरों ने यहां ड्यूटी संभाली। सरकारी डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते यहां होने वाले ऑपरेशन की तारीख टल गई है। मरीजों को अब आगे की तारीख दी गई है। सीएमओ का कहना है कि नागरिक अस्पताल में मंगलवार व वीरवार आंखों के ऑपरेशन के लिए निर्धारित दिन होते हैं। मंगलवार को 15 ऑपरेशन होते हैं, अब इन मरीजों को वीरवार को बुलाया जाएगा। बता दें कि जिले में हरियाणा सिविल सर्विसिस मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े 70 डॉक्टर हैं, जिनमें से 67 हड़ताल पर हैं। डीसी डॉ.विवेक भारती ने सरकारी अस्पतालों, सीएचसी व पीएचसी के 200 मीटर दायरे में बीएनएस की धारा 163 लागू की हुई है। सीएचसी में आने वाले 200 से 300 मरीजों को पर्याप्त इलाज नहीं मिला है। इस कारण उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। रतिया स्थित सीएचसी तो सुबह के समय खाली नजर आई। सरकारी अस्पताल में हड़ताल के कारण चर्म रोग और मनोरोग विशेषज्ञ की सेवाएं नहीं मिली।

**जिले में कुल 97 चिकित्सकों में से 82 चिकित्सक हड़ताल पर**



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी के लिए लगी मरीजों की लाइन।

### हड़ताल पर गए 20 डॉक्टरों को नोटिस

प्रोबेशन पीरियड पर चल रहे 24 में से 20 डॉक्टरों को सिविल सर्जन ने नोटिस जारी करके ड्यूटी पर लौटने के निर्देश दिए है। सीएमओ ने नोटिस में कहा है कि दो साल का प्रोबेशन पीरियड पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में हड़ताल में शामिल होते है तो कार्रवाई की जाएगी। हालांकि नोटिस का मंगलवार दोपहर तक किसी चिकित्सक ने जवाब नहीं दिया है। जिले में 82 डॉक्टर हड़ताल पर है।

### सिरसा : दिनभर मरीज रहे परेशान

**सिरसा।** हरियाणा में सरकार द्वारा सीनियर मेडिकल ऑफिसर की सीधी भर्ती के विरोध में सिरसा जिले के सरकारी डॉक्टर मंगलवार को भी लगातार दूसरे दिन हड़ताल पर है। हड़ताल के कारण मरीजों के लिए परेशानी बनी है। बताया जा रहा है कि जिले के 90 प्रतिशत डॉक्टरों ने इस हड़ताल का समर्थन किया है और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी इनकी मांगों पर समर्थन कर दिया है। बीते दिवस जिले के 140 सरकारी चिकित्सकों में से 126 डॉक्टर हड़ताल पर थे। सभी डॉक्टरों ने पहले दिन से ही ओपीडी एवं इमरजेंसी सेवाओं से लेकर पोस्टमॉर्टम सेवाएं बंद रखी। इसे लेकर हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन ने सरकार को पहले ही अवगत करा दिया था। इनका प्रतिनिधिमंडल डीजी हेल्थ से भी मिल चुका है। करीब दो माह से इस भर्ती को लेकर विरोध चल रहा है। इसे देखते हुए सरकार ने मेडिकल कॉलेज अग्रोहा और एनएचएम के तहत लगे डॉक्टरों की ड्यूटियां लगा दी गई। डॉक्टरों में रोष का माहौल बना हुआ है। हड़ताल का पता चलने पर कई मरीज अस्पताल नहीं पहुंचे। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशनसिरसा के प्रधान डॉ. आरके दहिया एवं सह सचिव डॉ. विपुल गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार एसएमओ की सीधी भर्ती करने जा रही है। अगर एसएमओ की सीधी भर्ती हुई, तो मेडिकल ऑफिसर को प्रमोशन नहीं मिल पाएगी, जो पहले ही सालों से एसएमओ की पदोन्नति के इंतजार में हैं। डॉ. विपुल ने बताया कि सरकार उनकी मांगों को मान रही, जिस कारण मजबूरन उनको हड़ताल करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो एसोसिएशन कड़ा फैसला लेने को मजबूर हो सकती है।

### दूसरे पखवाड़े में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो सकती है बारिश

## उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से रात के तापमान में आएगी गिरावट

- 12 दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से बादलवाई की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

दिसंबर के पहले पखवाड़े से ही सूखी ठंड ने दस्तक दे दिए हैं। यह रात सीजन की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी का सीधा असर मैदानी इलाकों पर पड़ रहा है। ठंडी उत्तरी हवाओं के कारण पूरे क्षेत्र में रात के तापमान में तेज गिरावट जारी है। मौसम विभाग के अनुसार 11 दिसंबर तक उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से रात्रि तापमान में गिरावट आएगी लेकिन दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। 12 दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से बादलवाई की संभावना है। प्रदेश के कई जिलों में दिसंबर के पहले पखवाड़े में मौसम शुष्क रहेगा और ठंड के तेवर और तेज होंगे। कई स्थानों पर शीतलहर, गंभीर शीतलहर और पाला जमने की स्थिति बन सकती है। इस अवधि में रात का तापमान सामान्य से नीचे और दिन का तापमान सामान्य के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने राजस्थान से सटे 6 जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखीदादरी और नारनौल में आगामी 2 से 3 दिन तक तापमान में गिरावट और शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, आज से शीतलहर फिर से चलेगी। इसके चलते प्रदेश में कोल्ड वेव शुरू हो गई है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार हरियाणा में मौसम आमतौर पर 14 दिसंबर तक खुश्क परंतु परिवर्तनशील रहेगा। 12 दिसंबर से एक हल्के पश्चिमीविक्षोभ के प्रभाव से 14 दिसंबर के दौरान बीच बीच में आंशिक बादलवाई रहने की संभावना है जिससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभावित है। इस दौरान हवा में बार बार बदलाव होने तथा हवाएं हल्की गति से चलने की संभावना है।

### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना

इस बीच आईएमडी ने दिसंबर महीने के दूसरे हिस्से में 5-6 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से हल्की बारिश या बूंदाबांदी की भी संभावना बन रही है। दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में कोहरा, धुंध, ठंडी हवा और दिन-रात का तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। शीतलहर और कोल्ड डे के साथ ही साथ धुंध कोहरा भी देखने को मिलेगा।

## वार्डवासी सीवरेज युक्त पानी पीने को मजबूर

- अधिकारियों से संपर्क करने के बाद भी मिल रहे केवल आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर के वार्ड नंबर 20 स्थित गली थानेदार वाली के निवासी पिछले करीब डेढ़ माह से सीवरेज युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। गली निवासी रोहित शर्मा, अंजनी गोयल, संदीप, रामजी गोयल, सन्नी गोयल, कुलदीप गोयल, नरेश गोयल ने बताया कि पिछले करीब डेढ़ माह से उनके पेयजल कनैक्शन में सीवरेज का पानी मिक्स होकर आ रहा है, जिससे काफी लोग बीमार भी पड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर अनेक बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन किसी ने भी समस्या की ओर गौर करना उचित नहीं समझा। गली निवासियों ने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा बार-बार संपर्क करने के बाद भी आश्वासन ही दिया जा रहा है।



सीवरेज युक्त पानी दिखाते वार्डवासी।

### चेतावनी दी

*गली निवासियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि सीवरेज युक्त पानी से अगर कोई महामारी फैलती है तो उसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी ही जिम्मेदार होंगे।*

## सकताखेड़ा लिंक माइनर के चैनल में दरार

**डबवाली।** उपमंडल के लोहगढ़ माइनर से निकलने वाले सकताखेड़ा लिंक चैनल में करीब 15 फुट लंबी दरार आ गई। दरार आने से साथ लगते खेतों में पानी भर गया और लगभग 20 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। किसानों के अनुसार, दरार आने की मुख्य वजह माइनर की लंबे समय से सफाई न होना है। लिंक चैनल के दोनों किनारों पर भारी-भरकम पेड़ टूटकर गिरे हुए हैं, जिन्हें विभाग द्वारा अब तक नहीं हटाया गया। कई पेड़ों की टहनियां माइनर के अंदर गिरी हुई हैं, जिससे पानी के बहाव में रुकावट पैदा होती है। किसानों का कहना है कि विभाग के बेलदार और कर्मचारी नियमित रूप से इस माइनर पर आते-जाते हैं, लेकिन उन्होंने किसानों के आग्रह के बावजूद टूटे वृक्षों को हटाने की जहमत नहीं उठाई।

## युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

रानियां कस्बे के गांव सादेवाला में एक युवक ने सडक़ किनारे पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मंगलवार सुबह राहगीरों ने शव पेड़ से लटका देखा तो सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। मृतक की पहचान कर्ण पुत्र राजू निवासी फतेहाबाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक गांव सादेवाला में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। परिजनों के अनुसार, कर्ण रात को अपनी नानी को वॉशरूम जाने की बात कहकर घर से निकला था। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा। सुबह गांव वालों ने उसकी लाश सडक़ किनारे पेड़ से लटकती देखी।



मौके पर कार्रवाई करती पुलिस टीम।

### मानसिक रूप से था परेशान


*पुलिस को दिए बयानों में परिजनों ने बताया कि करण काफी समय से मानसिक रूप से परेशान था। इसी मानसिक परेशानी के चलते ही उसने यह कदम उठाया है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने घटना बाबत मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है।*

## रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पाबंदी

- नियमों की अवहेलना करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर व डीजे बजाने पर पूर्णतयः प्रतिबंध है। नियमों की अवहेलना की अवस्था में संबंधित के विरुद्ध ध्वनि प्रदूषण (रेगुलेशन एंड कंट्रोल) रूल्स के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसडीएम आकाश शर्मा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में मैरिज पैलेस संचालकों, धार्मिक स्थल प्रबंधक व डीजे ऑनर के साथ बैठक कर लाउड स्पीकर व डीजे बजाने बारे जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम आकाश शर्मा ने मैरिज पैलेस संचालकों, धार्मिक स्थल प्रबंधकों और डीजे ऑनर्स को निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट के ध्वनि प्रदूषण संबंधी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बाद किसी भी प्रकार का डीजे, लाउडस्पीकर या उच्च ध्वनि उपकरण चलाना प्रतिबंधित है और निर्धारित डेसीबल सीमा का उल्लंघन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैरिज पैलेस संचालकों कोई भी बुकिंग करते समय संबंधित को नियम व शर्तें बताना सुनिश्चित करे। साथ ही बुकिंग करवाने वाले से नियमों को लेकर अंडरटेकिंग लेना सुनिश्चित करे।



टोहाना। मैरिज पैलेस संचालकों को निर्देश देते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

### अगले साल मकर संक्रांति से शुरू हो सकेंगे धार्मिक कार्य

## 16 से शुरू होगा खरमास, एक माह तक बंद रहेंगे विवाह समारोह के शुभ मुहूर्त

*खरमास की अवधि में जप, तप और ध्यान करना अत्यंत लाभकारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

इस साल का दूसरा खरमास 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 14 जनवरी 2026 तक चलेगा। खरमास धनु राशि में सूर्य के प्रवेश, स्वाति नक्षत्र और त्रिपुष्कर योग के साथ प्रारंभ होगा। ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार 14 जनवरी को रात 9.19 बजे भगवान भास्कर मकर राशि में आएंगे। इसी के साथ सूर्य उत्तरायण हो जाएंगे, साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा। मकर संक्रांति का यह शास्त्रोक्त नियम है कि प्रदोष काल के बाद रात्रि में किसी भी समय संक्रांति लगती है तो उसका पुण्य काल दूसरे दिन माना जाता है, इसलिए मकर संक्रांति का पुण्यकाल पर्व 15 जनवरी को सूर्योदय उपरांत मनाया जाएगा, लेकिन शुक्रास्त होने से विवाह आदि कार्य नहीं होंगे। पंडित राजेश शास्त्री ने बताया कि जनवरी में विवाह का मुहूर्त नहीं है। खरमास की अवधि में शुभकार्य करना वर्जित माना गया है, लेकिन जप, तप और ध्यान करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से खरमास माह का विशेष महत्व है। इस अवधि में भक्त विशेष रूप से ध्यान, पूजा, व्रत और साधना में समय व्यतीत करते हैं।



पंडित राजेश शास्त्री

### सूर्यदेव को जलार्पण करने से आएगी समृद्धि

पंडित राजेश शास्त्री के अनुसार खरमास में शुभ कार्य वर्जित हैं, लेकिन साधना, पूजा और दान अत्यंत फलदायी हैं। प्रातः स्नान के बाद सूर्य को जल अर्पित करें, देव गुरु बृहस्पति की पूजा करें और तुलसी के पौधे में दीपक दिखाएं। गरीबों को अन्नदान, भूखे पशु-पक्षियों को चारा खिलाना और मंत्र-जाप करना शुभ है।

### खरमास खत्म होने के बाद भी 20 दिन इंतजार

पंडित राजेश शास्त्री के अनुसार शुक्र अस्त होने के कुछ दिन बाद 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो जाएगा। यह अवधि धार्मिक और मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ मानी जाती है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार खरमास खत्म होने के बाद भी 20 दिन तक विवाह मुहूर्त उपलब्ध नहीं होंगे। क्योंकि, तब तक शुक्र अस्त ही रहेगा। शुक्र का उदय एक फरवरी को होगा, लेकिन उस समय वह बाल्यावस्था में रहेगा।

### रामायण और गीता पाठ करना सर्वश्रेष्ठ

पंडित राजेश शास्त्री के अनुसार इस अवधि में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य जैसे शादी-सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन, वाहन खरीदारी, व्यापार की शुरुआत आदि कार्य वर्जित माना गया है, परंतु खरमास में पूजा-पाठ, भजन, कीर्तन जैसे कार्य करना शुभ फलदायक माना गया है। इस माह रामायण पाठ, गीता पाठ आदि करना सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style



# सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।

## हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुईं भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

## टीवी मसाला




# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी' कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?' 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम



बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।

# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉड्‌र्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेड: फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेड: फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।



**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप



### बॉक्सर एकता ने जीता कांस्य पदक

**सिरसा।** द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब सिरसा की खिलाड़ी एकता ने 75-81 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। एकता ने यह उपलब्धि राजस्थान के भरतपुर में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में हासिल की। यह उपलब्धि हासिल कर एकता ने न केवल अपने क्लब का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी कड़ी में मंगलवार को कांस्य पदक जीतकर अकादमी में लौटने पर खिलाड़ी एकता का भव्य स्वागत किया गया। एकता के प्रशिक्षक रोबिन ने कहा कि एकता एक बेहतरीन खिलाड़ी है। उन्हें पूरी आशा है कि वे जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक प्राप्त कर अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

### चेक बाउंस मामले में भगोड़ा दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगौड़े को पकड़ा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि अदालत ने आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी वरुण को बीती 23 जुलाई को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन थाना की एक पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वरुण को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से पकड़ा है।

### शहर में चोरों ने तीन घटनाओं को दिया अंजाम

**सिरसा।** शहर में चोरों ने बीती रात तीन घटनाओं को अंजाक देकर लाखों रुपये के आभूषण व नकदी चुरा ली। खास बात यह है कि चोरों ने चोरी करने का एक ही तरीका अपनाया। पहली घटना में पुलिस को दी शिकायत में कीर्ति नगर की श्याम गली निवासी बिमला रानी ने बताया कि बीते दिवस वह 9 बजे डेरा सच्चा सौदा सिरसा में सेवा के लिए गई थी। वापस आकर मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गई, तो कमरे के गेट के ताले टूटे हुए हैं। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था और अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। उसने संदूक व सामान संभाला तो पौने 3-3 तोले सोने के टुकड़े, ढाई तोले सोने की चैन, दो अंगूठी व 60 हजार रुपए की नकदी गायब मिली।

## डॉग स्क्वाड व कमांडो टीम के साथ चलाया तलाशी अभियान

# रतिया की कॉलोनियों व झुग्गियों में नशीले पदार्थों पर छापेमारी

### अभियान के दौरान पुलिस ने घर-घर जाकर लोगों से पूछताछ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

थाना शहर रतिया पुलिस ने आज शहरी क्षेत्र में नशा तस्करी और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से एक तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रतिया शहर की संवेदनशील कॉलोनियों, झुग्गी बस्तियों और संदिग्ध स्थानों पर नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना था। अभियान का नेतृत्व थाना शहर रतिया के प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह ने किया। सुबह, पुलिस टीम ने डॉग स्क्वाड और कमांडो यूनिट के साथ शहर क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों, झुग्गियों और तंग गलियों में दबिश दी। इस दौरान, अस्थायी झोंपडिय़ों, खाली प्लॉटों, सडक़ किनारे बनी झुग्गियों और पुराने निर्माणों की गहन तलाशी ली गई। सभी संदिग्ध स्थानों पर कड़ी जांच-पड़ताल की गई।

अभियान के दौरान पुलिस ने घर-घर जाकर लोगों से पूछताछ की और क्षेत्र में खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों की भी जांच की। जिन व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं, उनसे मौके पर ही गहन पूछताछ की गई। पुलिस ने पूर्व चिन्हित हॉटस्पॉट बिंदुओं पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हुई। हमारा प्राथमिक लक्ष्य रतिया शहर को नशे से पूरी तरह मुक्त करना है। आने वाले दिनों में भी हम लगातार हॉटस्पॉट क्षेत्रों में रेड, तलाशी अभियान और कड़ी निगरानी जारी रखेंगे। नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।



**रतिया।** शहर में तलाशी अभियान चलाती पुलिस टीम।

#### सूचना के आधार पर कार्रवाई

*थाना प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह ने कहा, रतिया शहर क्षेत्र में पिछले कुछ समय से नशा तस्करी की गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त हो रही थी, जिसके आधार पर आज यह विशेष तलाशी अभियान चलाया गया।*

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे नशा तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों या किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### नशा मुक्ति टीम ने 14 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग कर आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध कराई

**फतेहाबाद।** नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा जिले में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता और उपचार सहायता का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में टीम ने आज विभिन्न क्षेत्रों में विशेष गतिविधियां संचालित कर छात्रों, पीड़ितों और नागरिकों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया। टीम द्वारा सर्वप्रथम समसिद्ध कॉन्वेंट स्कूल, दरियापुर के विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों, नशा तस्करों के तरीकों, कानूनी प्रावधानों और नशे से दूर रहने के लिए जीवनशैली संबंधी उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है, इसलिए युवाओं को हर प्रकार के नशीले पदार्थों से दूरी बनाए रखनी चाहिए। स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम के बाद नशा मुक्ति टीम प्रभारी ने एडीआर सेंटर में सीजेएम की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में भाग लिया। गोष्ठी के दौरान नशा मुक्ति प्रयासों, कानूनी पहलुओं और पीड़ितों के पुनर्वास तंत्र पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके उपरांत टीम ने गुरुनानकपुरा मोहल्ला में उपचाराधीन चल रहे 3 महिला ड्रग पीड़ितों सहित कुल 8 उपचाराधीन तथा 3 नव-चिन्हित पीड़ितों से मुलाकात की। सभी को काउंसलिंग प्रदान करते हुए नशे से बाहर आने के लिए प्रोत्साहित किया गया और आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध कराई गई। इसी क्रम में भूना क्षेत्र में एक पीड़ित परिवार के आग्रह पर उपचाराधीन चल रहे एक ड्रग पीड़ित से मुलाकात कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।



**फतेहाबाद।** युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करते नशामुक्ति टीम इंचार्ज एएसआई सुंदर। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी



### ट्राइडेंट हिल्स में प्लाट दिलवाने पर नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ट्राइडेंट हिल्स, पंचकूला में प्लॉट दिलवाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए इकोनोमिक सेल फतेहाबाद ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुनील कुमार उर्फ संजू पुत्र शमशेर सिंह निवासी हरसौला, थाना तितरम, जिला कैथल तथा राधाकृष्ण उर्फ राधु पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी अमरावती एंक्लेव, कलका रोड, पंचकूला के रूप में हुई है। इकोनोमिक सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित राजबीर सिंह निवासी कन्हड़ी द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी कि आरोपियों ने ट्राइडेंट हिल्स, पंचकूला में प्लॉट दिलवाने के नाम पर विभिन्न तिथियों में बैंक स्थानांतरण यानि आरटीजीएस और नकद के माध्यम से कुल 73 लाख रुपये की राशि हड़प ली। आरोपियों ने आपस में मिलीभगत कर झूठे आश्वासन, फर्जी बुकिंग और गलत जानकारी देकर पीड़ित को गुमराह किया। प्रकरण की प्रारंभिक जांच आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद से प्राप्त होने के बाद थाना शहर टोहाना को सौंपी गई। पुलिस जांच में आरोपियों के खिलाफ धारा 406, 420 और 120-बी भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध सिद्ध पाया गया, जिसके आधार पर थाना शहर टोहाना में 15 नवंबर को मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया गया है।



**सिरसा।** पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण अभियान का शुभारंभ करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मां अन्नपूर्णा चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुरू किया पर्यावरण संरक्षण अभियान

**सिरसा।** मां अन्नपूर्णा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहला जागरूकता अभियान चौधरी देवीलाल पार्क से शुरू किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भूतपूर्व सरपंच सरदार गुरिंद्र सिंह गिल ने भाग लिया। ट्रस्ट के प्रधान पंडित प्रभु दयाल शर्मा, सेक्रेटरी रेणुका शर्मा, अनिता कौशिक, दीपक शर्मा, चांद शर्मा, अमित कुमार, विकास बागड़ी, जोगिंद्र सोनी सहित अनेक गणमान्यों ने पौधे लगाकर एवं वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पौधों के महत्व के बारे में जानकारी देना था। ट्रस्ट के प्रधान प्रभु दयाल शर्मा ने बताया कि लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रतियोगिता पौधा लगाओ-धरा सजाओ और पाओ विशेष सम्मान का आयोजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य करना और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक करना है। उन्होंने सिरसावासियों से ट्रस्ट के साथ जुड़कर समाज के लिए कार्य करने की अपील भी की।

### जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत 11 से

**सिरसा।** जिला के सात विद्यालयों में जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत का आयोजन आगामी 11 दिसंबर से 20 दिसंबर तक किया जाएगा। डिग डाइट के डीयूआरयू विग के इंचार्ज प्रवक्ता अनिल बिश्नोई ने बताया कि इस कार्यक्रम में खंड स्तर पर विजेता स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुडियाखेड़ा, खैरेकां, नेजाडेला खुर्द, भड़ोल्यांवाली, अबूब शहर, पिपली, मिठी सुरेरां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित होगी। जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत के इस कार्यक्रम मंज प्रवक्ता जगदीश बराच को ऑब्जर्वर लगाया गया है तथा न्यायिक समिति सदस्य के तौर पर प्रवक्ता हेमराज व प्रवक्ता सुरेश शर्मा को लगाया गया है। कार्यक्रम के ऑब्जर्वर प्रवक्ता जगदीश बराच ने बताया कि युवा पंचायत के कुल 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। इनमें कवरेज ऑफ थीम के 30 अंक, प्रस्तुतीकरण के 25, दर्शकों, ग्राम पंचायत, ग्रामसभा के व अन्य शिक्षित व्यक्ति और स्कूल प्रबंधन समिति के उपस्थिति के लिए 20 अंक होंगे और इसमें सबसे महत्वपूर्ण होगा रिफ्लेक्शन ऑफ लाइफ स्किल यानी विद्यार्थियों ने क्या सीखा, अपने अनुभव, व्यवहार और आचरण में कितना महसूस किया। इस युवा पंचायत के माध्यम से गांव की चुनाव प्रणाली काम करने के तरीके पंचायत के काम करने के तरीके समस्या समाधान के तरीके व तर्क के साथ अपनी बात रखने में कितने निपुण हैं आदि बातों के लिए 25 अंक निर्धारित किए गए हैं।

### नागली में बाल विवाह मुक्त भारत के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टोहाना।** गांव नागली में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं, को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सुपरवाइजर आशु ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने गांव में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत संबंधित विभाग को सूचना देंगी। उन्होंने कि बाल विवाह रोकना केवल कानून का ही नहीं, बल्कि समाज का भी दायित्व है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षा और अवसर उपलब्ध कराकर ही हम एक सुरक्षित और समानता-आधारित समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने यह भी अपील की कि सभी अभिभावक और पंचायत प्रतिनिधि इस अभियान में सहयोग दें ताकि गांव नागली को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया जा सके।

## एसडीएम ने देर रात रैन बसेरों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

एसडीएम आकाश शर्मा ने सोमवार को देर शाम टोहाना क्षेत्र के रैन बसेरे, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया। सर्दी के मौसम के मध्यनजर बेघर एवं जरूरतमंद लोगों की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु रैन बसेरों तथा सार्वजनिक स्थलों का औपचारिक निरीक्षण किया और संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सभी रैन बसेरों में उपलब्ध सुविधाओं जैसे गर्म बिस्तर, पर्याप्त कंबल, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि शीतलहर की स्थिति को देखते हुए किसी भी व्यक्ति को असुरक्षित परिस्थितियों में रहने की नौबत न आए तथा आवश्यक प्रबंध हर समय सुचारू रूप से उपलब्ध रहें। एसडीएम ने निर्देश दिए कि नगर परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरे 24 घंटे खुले रहें तथा जिम्मेदार अधिकारी प्रतिदिन इनका निरीक्षण कर किसी भी कमी को तत्काल दूर करें। रैन बसेरों में ठहरने वाले व्यक्तियों का उचित रिकॉर्ड रखने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है, जिससे आवश्यकता पडऩे पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



**टोहाना।** निरीक्षण करते एसडीएम।

## अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले में दो आरोपियों को दो-दो साल की सजा

- जांच के अनुसार गन हाउस से 22 राइफल, पांच हजार कारतूस, रिवाल्वर व 6035 कारतूस पिस्टल तथा 745 कारतूस राइफल के गलत तरीके से हथियार सप्लाई किए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के हिंदुस्तान गन हाउस से हथियार व हजारों कारतूस खरीदक र बिहार में माओवादियों को सप्लाई क रने के मामले में सिरसा की एक अदालत ने दो आरोपियों को दोषी क रार देते हुए दो-दो कै द की सजा सुनाई है। दोषी अनिल मिढ़ा निवासी भगत सिंह क ॉलोनी सिरसा व धनंजय शर्मा निवासी गांव भाखरा जिला औरंगाबाद बिहार का रहने वाला है। सहायक जिला न्यायवादी अखिलेश व पलविंदर सिंह ने बताया कि इस मामले में शहर थाना पुलिस ने चार जनवरी 2010 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सज्जन सिंह की शिकायत पर अभियोग दर्ज कि या गया था। मामले के अनुसार केंद्रीय जांच एजेंसी से सिरसा पुलिस तीन तीन जनवरी 2010 को सूचना मिली थी कि बिहार के माओवादियों से जो हथियार व का रतूस मिले हैं उनकी सप्लाई सिरसा से हुई है। इसके बाद चार जनवरी 2010 को एएसपी सज्जन सिंह ने सिरसा के आर्य समाज रोड पर स्थित हिंदुस्तान गन हाउस में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गन हाउस के रिकॉर्ड में काफी अनियमिताएं मिली। जांच करने पर गन हाउस से 22 राइफल, पांच हजार कारतूस, रिवाल्वर व 6035 कारतूस पिस्टल के तथा 745 कारतूस राइफल के गलत तरीके से हथियार सप्लाई किए गए हैं। सहायक जिला न्यायवादी अखिलेश व पलविंदर सिंह ने बताया कि इसके बाद सिरसा पुलिस ने बिहार जाक र धनंजय शर्मा व संजय शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। धनंजय शर्मा ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने व संजय शर्मा ने हिंदुस्तान गन हाऊ स सिरसा से पांच हजार का रतूस व बंदूकें खरीदी थी और इनको माओवादियों को सप्लाई क र दिया। गन हाउस के मालिक अनिल मिढ़ा ने उन्हें पंजाब के सरदूलगढ़ से एक टवेरा गाड़ी भी दिखाई थी। इस मामले में अनिल मिढ़ा का ड्राइवर दीपक शर्मा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि शहर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लगातार मजबूत पैरवी कर आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाए जिसके परिणाम स्वरूप अदालत ने आरोपी अनिल मिढ़ा व धनंजय शर्मा को दो-दो साल की कैद व जुर्माने से दंडित किया गया है।

## सिरसा क्लब के चुनावों पर स्थगनादेश

**सिरसा।** स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ हरियाणा की ओर से सिरसा निवासी इंद्रोश कुमार व धवल कुमार की अपील पर सिरसा क्लब के 10 दिसंबर को नई कार्यकारिणी के होने वाले चुनावों को आगामी 15 दिनों तक स्थगित करने का निर्देश जारी किया गया है। ये निर्देश स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ हरियाणा की ओर से जिला रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटीज सिरसा को दिए गए हैं। काबिलेजिक्र हैं कि सिरसा क्लब की नवीन कार्यकारिणी के चुनावों के लिए जिला रजिस्ट्रार की ओर से पिछले कुछ दिनों पूर्व क्लब मतदाता के तौर पर करीब 25 सदस्यों को मतदान न करने के योग्य बताकर चुनावों को करवाने की हरी झंडी दी थी, मगर उपरोक्त याचिकाकर्ताओं ने जिला रजिस्ट्रार के इस फैसले को चुनौती देते हुए स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ हरियाणा में अपील की थी और उन्हें मताधिकार से वंचित करने की व्यवस्था को गलत करार दिया था। इस दिशा में याचिकाकर्ताओं ने स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ हरियाणा के पास विभिन्न प्रमाण भी दिए। इसी के आधार पर मंगलवार को स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ हरियाणा की ओर से जिला रजिस्ट्रार को निर्देशित किया गया है कि सिरसा क्लब के तमाम सदस्यों का रिकॉर्ड्ड दुरूस्त किया जाए और क्लब के नियमानुसार ही रिटर्निंग अधिकारी की भी नियुक्ति की जाए। स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ हरियाणा की ओर से निर्देशित किया गया है कि इस सारी प्रक्रिया के लिए आगामी 15 दिनों तक सिरसा क्लब के चुनावों पर स्थगन रहेगा।

## विद्यार्थियों ने तैयार किए आकर्षक वृक्ष मॉडल

- विश्वास नव शारदा स्कूल में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

विश्वास नव शारदा स्कूल में मंगलवार को विद्यार्थियों की कला प्रतिभा उस समय देखने को मिली जब उन्होंने वेस्टेज सामान से अत्यधिक सुंदर और आकर्षक मॉडल तैयार किए। विद्यालय में बुधवार को प्रस्तावित फुल मून फेस्टिवल सेलिब्रेशन के स्वागत व अभिनंदन मंच को सजाने के लिए बच्चों ने बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं को उपयोग में लेते हुए उन्हें खूबसूरत रूप प्रदान किया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों और अभिभावकों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की संचालिका स्वर्णिका खुराना, डायरेक्टर डॉ. सौरभ खुराना व डॉ. सूरज प्रकाश खुराना ने सभी मॉडलों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल मुकेश मोंगिया द्वारा किया गया। विद्यार्थी पारितोष, पारस और कार्तिक ने अयोध्या में श्री राम के मंदिर की भव्यता को वेस्टिज सामान से शानदार तरीके से प्रस्तुत किया, जिसे देखकर सभी दंग रह गए। वहीं छात्राएं इशिका, याशिका और माही ने केदारनाथ मंदिर का मॉडल आकर्षक डिजाइन से तैयार किया। इसके अलावा छात्र आलोक अरमान व उनकी टीम ने एक आकर्षित वृक्ष का मॉडल बनाया, जिसमें कई वन्य प्राणियों की उपस्थिति को दर्शाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



**भूना।** बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल। फोटो : हरिभूमि

**निर्माण** एसपी ने किया शुभारंभ, लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील

# बीघड़ चौक पर ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए आरएसओ ने स्थापित किया पुलिस बूथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन द्वारा बीघड़ रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से यहां पुलिस बूथ की स्थापना की गई है। इस बूथ की स्थापना से ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को बीघड़ रोड पर ट्रैफिक कंट्रोल करने में काफी मदद मिलेगी। इस पुलिस बूथ का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा किया गया। रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेश फतेहाबाद के प्रधान सुखदेव कालापीला व अन्य सदस्यों ने एसपी का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। एसपी सिद्धांत जैन ने आरएसओ द्वारा सड़क हादसों को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करें तो काफी हद तक सड़क हादसों को रोककर बहुमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से ट्रैफिक पुलिस न केवल लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है वहीं नियमों की उल्लंघना करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आरएसओ प्रधान सुखदेव कालापीला ने एसपी का धन्यवाद करते हुए कहा कि बीघड़ चौक शहर का अत्यधिक व्यस्त क्षेत्र है, जहां हर समय वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है।



**फतेहाबाद।** बीघड़ चौक पर पुलिस बूथ का उद्घाटन करते एसपी सिद्धांत जैन।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर यातायात थाना प्रभारी जय सिंह, आरएसओ के वरिष्ठ उपप्रधान विनोद गर्ग भिरड़ाना वाले, सचिव सचिन बिश्नोई, उपप्रधान ईश मेहता, कैशियर भूप सिंह नैन, ऑडिटर विवेक अग्रवाल, हर्ष सोनी, शंटी मोंगा, दीपक सरदाना, नरेश मेहता, गौरव गर्ग, दीपक मुटरेजा, जोगिन्द्र मुटरेजा, अंश नारंग, प्रवीण धींगड़ा, अजय मंगल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नेहरू पर तुष्टिकरण का आरोप ऐतिहासिक रूप से असत्य: सैलजा

- संसद की गरिमा का सम्मान करते हुए तथ्य-आधारित संवाद प्रस्तुत करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर लगाए गए तुष्टिकरण संबंधी आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह बयान ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत और भ्रामक है। मंगलवार को मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि ऐसे वक्तव्य राष्ट्र निर्माण में पंडित नेहरू द्वारा किए गए योगदान को कमतर दिखाने का प्रयास प्रतीत होते हैं। सांसद ने कहा कि नेहरू ने भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक ढांचे और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में अपूर्व और निर्णायक भूमिका निभाई है। सैलजा ने प्रधानमंत्री के आरोपों को तथ्यहीन बताते हुए कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिन्ना की प्रशंसा स्वयं भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा की गई। वर्ष 2005 में कराची में दिया गया वक्तव्य और 2009 की प्रकाशित पुस्तक में जिन्ना के प्रति सकारात्मक टिप्पणियां इसका प्रमाण हैं। सांसद सैलजा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रहित, राष्ट्रीय प्रतीकों और सांस्कृतिक चेतना को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने याद दिलाया कि 24 जनवरी 1950 को 'वंदे मातरम' को राष्ट्रीय गीत का दर्जा देने का निर्णय स्वतंत्र भारत की प्रथम सरकार जिस समय पंडित नेहरू प्रधानमंत्री थे, ने ही लिया था। कुमारी सैलजा ने कहा कि जब भाजपा के भीतर जिन्ना की प्रशंसा करने वाले नेता महत्वपूर्ण पदों पर हैं, तब कांग्रेस पर राष्ट्रभावना को लेकर आरोप लगाना राजनीतिक विद्वेष से प्रेरित प्रतीत होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे संसद की गरिमा का सम्मान करते हुए तथ्य-आधारित संवाद प्रस्तुत करें।

## खबर संक्षेप

### जनस्वास्थ्य विभाग ने 170 कर्मियों को दी ट्रेनिंग

**फतेहाबाद।** जनस्वास्थ्य विभाग में तैनात वाटर सप्लाई ऑपरेटरों से अब पलंबर का भी का लिया जा सकेगा। जनस्वास्थ्य विभाग ने जिले के 800 में से 170 कर्मचारियों को ट्रेनिंग देकर दक्ष बना दिया है। ये ही नहीं विश्वविद्यालय की तरफ से इन कर्मचारियो को डिप्लोमा भी जारी किया गया है। कर्मचारियों को जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से फरवरी और मार्च माह में आईटीआई भोडिया खेड़ा में ट्रेनिंग करवाई गई थी। अब पलवल की यूनिवर्सिटी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की तरफ से डिप्लोमा जारी किया गया है। पहले चरण में अभी 170 कर्मचारियों की ट्रेनिंग हुई है।

### ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत होने के मामले में भट्टूकलां पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि 2 दिसंबर को मोहन लाल निवासी किरढान द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि एक दिसम्बर को उसका बेटा पवन कुमार मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। शिकायतकर्ता और उसका भतीजा राय सिंह भी अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर उसके पीछे-पीछे चल रहे थे। रात करीब 8:30 बजे, मदर टेरेसा स्कूल, हिसार रोड, भट्टू कलां के पास एक सोनालीका ट्रैक्टर तेज रफ्तार, लापरवाही व गफलत से चलाते हुए सामने से आया।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन अभियान जारी

# जिलेभर में अब तक 159 जगहों पर छापेमारी, 54 अपराधी गिरफ्तार

**7 के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी, 8 आरोपियों के पासपोर्ट रद्द करने के प्रस्ताव**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत 159 संदिग्ध जगहों पर छापेमारी कर 54 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान ने न केवल नशे की तस्करी बल्कि अन्य अपराधों के खिलाफ भी निर्णायक कदम उठाए हैं। पुलिस ने जिलेभर में कॉम्बिंग ऑपरेशन, निगरानी और छापेमारी अभियान तेज किया, जिसके परिणामस्वरूप 159 संदिग्ध नशा, शराब और जुआ से जुड़े हॉटस्पॉट इलाकों में सघन गश्त और तलाशी अभियान चलाए गए। ऑपरेशन के तहत अब तक 54 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ और अवैध सामान बरामद किए गए। इनमें 3740 नशीली गोलियां, 2.706 किलो अफीम, 69.28 ग्राम हेरोइन, 28.210 किलोग्राम डोडा पोस्त, 10.90 ग्राम चिट्टा, 32 बोतलें अवैध शराब और 230 लीटर लाहन तथा 39370 रुपये नकदी शामिल है। इस अभियान में नशे के व्यापारियों के साथ-साथ हिंसक और संगठित अपराधों में शामिल अपराधियों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान 7 आरोपियों की संपत्ति अटैच की गई वहीं 19 फरार हिंसक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। 7 आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया। 8 हिंसक आरोपियों के पासपोर्ट रद्द करने के प्रस्ताव भेजे गए। इस अभियान के तहत एक स्थान पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया। 4 आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की गई वहीं 11 गन हाउस संचालकों और उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए। इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने अन्य 19 राज्यों के साथ महत्वपूर्ण इंटेलिजेंस साझा किया, जिससे फरार और इंटर-स्टेट अपराधियों की निगरानी और पकड़ को और मजबूत किया गया। पुलिस ने अभियान के दौरान मानवता का संदेश भी दिया और 101 जरूरतमंद और विपत्ति-ग्रस्त लोगों को सहायता प्रदान की। यह कार्रवाई यह सिद्ध करती है कि फतेहाबाद पुलिस न सिर्फ अपराधियों के खिलाफ बल्कि समाज की बेहतरी के लिए भी प्रतिबद्ध है।



एसपी सिद्धांत जैन।



**सिरसा।** हेरोइन के साथ पकड़ी गई आरोपी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### दो महिला तस्कर सहित तीन गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए बीस ग्राम हेरोइन बरामद कर दो महिला तस्करों सहित तीन लोगों को सिरसा जिले क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मबीर सिहं ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान एमसी कॉलोनी सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान एमसी कॉलनी सिरसा की गली में एक महिला खड़ी दिखाई दी जो कि पुलिस को देखकर वापस मुडक्र खिसकने का प्रायस किया करने लगी। महिला पुलिस कर्मचारी की सहायता से महिला सुखजीत कौर पत्नी सदा सिंह निवासी ओटू रानियां जिला सिरसा को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे हजारों रुपए की 7 ग्राम 68 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। एक अन्य मामले में एबीवीटी स्टाफ सिरसा पुलिस ने ऑटो मार्किट सिरसा से एक महिला को 6 ग्राम 52 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी महिला की पहचान इंद्रा निवासी सिरसा के रूप में हुई है।

### अवैध पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित काबू



**सिरसा।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से कार सवार तीन लोगों को तीन अवैध पिस्तौल व भारी मात्रा में जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने मंगलवार को बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सूचना मिली की कुछ आपराधिक किस्म के लोग ऑल्टो कार में काफी मात्रा में अवैध हथियार लेकर कर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में इधर-उधर घूम रहे है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना के आधार पर नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीम गांव ढाबा से बुर्ज भंगू रोड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान गांव बुर्ज भंगू की तरफ से ऑल्टो कार आती दिखाई दी जो कि पुलिस टीम को देखकर रूक गई और चालक ने वापस मोड़ कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार को शक के आधार पर रोक लिया और तलाशी ली तो कार सवार राजीव कुमार के कब्जे से 32 बोर का अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस, सोनू के कब्जे से 32 बोर का अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस तथा विजय के कब्जे से छह कारतूस बरामद हुए।

# सीएम घोषणाओं को लेकर डीसी ने ली समीक्षा बैठक



**फतेहाबाद।** समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

- गुणवता, निर्माण कार्य के लिए प्रक्रिया की निरंतरता सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाए रखें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को पूरा करने के दौरान गुणवता, निर्माण कार्य के लिए प्रक्रिया की निरंतरता सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाए रखते हुए समय पर इन प्रोजेक्ट को तय समय सीमा में पूरा करवाने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि विशेष रूप से इंजीनियरिंग से जुड़े विभाग इस बात का ध्यान रखें कि प्रोजेक्टस में अनावश्यक देरी न हो ताकि बाद में इन प्रोजेक्ट की लागत न बढ़े और निर्धारित अवधि में ये पूरे हो जाएं। डीसी डॉ. विवेक भारती लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति को लेकर अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को अधिकारी गंभीरता से लें और जिन घोषणाओं पर कार्य प्रगति पर है, उन्हें तय समय अवधि में पूरा करवाया जाए। इसके साथ ही जिन परियोजनाओं पर अभी तक कार्य शुरू नहीं करवाया गया है, उन्हें जल्द शुरू करवाया जाए। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाएं। सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एक-एक करके सभी विभागों की मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर समयबद्ध अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी परियोजनाएं सरकार द्वारा निर्धारित नोर्मस के अनुसार ही पूरी होनी चाहिए। एक से अधिक विभागों से जुड़ी परियोजनाओं के लिए अधिकारी आपसी तालमेल बनाकर कर कार्य करें, ताकि अनावश्यक देरी न हो।

# एसपी की शहर में पैदल गश्त व निरीक्षण

- भाई चारा बढ़ाने और असामाजित तत्वों को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| टोहाना

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आज थाना शहर टोहाना का औचक निरीक्षण किया और पूरे थाना परिसर में सुरक्षा व प्रशासनिक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों का रखरखाव और रजिस्टरों की सटीकता की जांच की। एसपी ने मालखाना और वाहनों के निपटारे की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए सख्त निर्देश दिए कि सभी मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने थाना कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों से हमेशा सौम्य और मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना और उन्हें हर संभव मदद प्रदान करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



**टोहाना।** शहर का भ्रमण करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

### रात्रि गश्त बढ़ाएं

उन्होंने शहर में रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी व सघन बनाने के आदेश दिए, ताकि असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें। निरीक्षण से पहले पुलिस अधीक्षक ने कैंची चौक, टोहाना में पैदल गश्त करते हुए शहर में कानून-व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। नागरिकों की समस्याएं सुनी और उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर डीएसपी संजय सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद और अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# प्रदूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण बीमारी फैलने की आशंका से परेशान

- गांव नुहियांवाली में वाटर वर्क्स की चारदीवारी की सफाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां

गांव नुहियांवाली में वाटर वर्क्स की चारदीवारी व सफाई नहीं होने के कारण हालात ऐसी है कि दूषित पानी पीने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जलघर में जहां पर पीने का पानी स्टोर होता है वहां पर कूड़े के ढेर लगे हुए है जिसके कारण जब बरसात होती है तो सारी गंदगी पीने के पानी में चली जाती है। जिस कारण ग्रामीण बीमार हो रहे हैं और गांव में भयंकर बीमारी फैलने की संभावना है। ग्रामीणों में पिछले समय पानी जनित रोगों की समस्याएं भी देखने को मिली थी जिसके बाद उन्हें आश्वस्त किया गया था कि इसके प्रति ध्यान दिया जाएगा लेकिन आज तक समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि वाटर वर्क्स की तीन तरफ चारदिवारी नहीं है जिसके चलते आवारा पशु आकर बैठते है और लोगों ने कूड़ा भी वहीं फेंकना शुरू कर दिया है।



**ओढां।** नुहियांवाली के वाटर वर्क्स के पास उगी झाडियां व गंदगी।

### ब्लॉक स्तरीय कानूनी साक्षरता में क्रेसण्ट स्कूल के छात्र चमके


**फतेहाबाद।** पीएम श्री स्कूल में कानूनी साक्षरता क्लब द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट तैयारी से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने डॉक्यूमेंट्री, पेंटिंग, कविता-पाठ, भाषण, क्विज, स्लोगन लेखन, लेख-लेखन, डिबेट एवं पावर-पॉइंट प्रेजेंटेशन जैसी सभी प्रतियोगिताओं में शानदार भागीदारी करते हुए सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपनी योग्यता का परचम लहराया। डॉक्यूमेंट्री में कंगना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# पटाका छोड़ने पर बुलेट बाइक को किया इंपाउंड, 23 हजार का लगाया जुर्माना

- यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कारगर कदम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जिला यातायात थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने अपने दलबल सहित शहर के विभिन्न इलाकों में यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाते हुए यातयात नियमों की अनदेखी करने वालों पर शिकंजा कसा। इसी कड़ी में उन्होंने मंगलवार को बाबा भुम्मणशाह चौक पर पटाखानुमा साइलेंसरयुक्त बुलेट को इंपाउंड कर बुलेट चालक को 23 हजार रुपए का जुर्माना किया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में भी चैकिंग के दौरान करीब 12 दोपहिया व चौपहिया वाहनों को यातायात नियमों के प्रति असंवेदनशील होने पर आर्थिक तौर पर दंडित किया। जिला यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक सुखदेव सिंह ने शहरवासियों से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना यथासंभव सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों की पालना करें।



**सिरसा।** पटाखानुमा साइलेंसरयुक्त बुलेट को इंपाउंड करते हुए यातायात पुलिस।

# कैब ड्राइवर साइबर ठगी का शिकार खाते से 96600 रुपये निकाले

- पुलिस कर रही जांच, आरोपियों को जल्द काबू कर लिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

टोहाना में एक कैब ड्राइवर साइबर ठगी का शिकार हो गया। साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से उसके बैंक खाते से 96 हजार 600 रुपये निकाल लिए। जब पीड़ित को इसका पता चला तो उसने इस बारे पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में टोहाना के गांव अमानी निवासी राज सिंह पुत्र चरणजीत सिंह ने कहा कि है कि वह कैब ड्राइवर है। उसका केनरा बैंक, टोहाना में खाता है। उसने बताया कि 28 नवंबर दोपहर को उसके खाते से तीन बार में अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 50 हजार, 40 हजार और 6600 रुपये यानि कुल 96 हजार 600 रुपये कट गए। जब उसे बैंक से उसके खाते से पैसे कटने का मैसेज मिला तो उसके पैरों तले जमीन निकल गई। उसने तुरंत बैंक में जाकर पता किया तो उसे बताया गया कि यह पैसे उसके यूपीआई द्वारा कटे हैं। इसमें हम कुछ नहीं कर सकते। राज सिंह ने आरोप लगाया कि अज्ञात ठगों ने धोखाधड़ी कर उसके बैंक खाते से 96600 रुपये निकाले हैं। इस पर उसने इस बारे ऑनलाइन पोर्टल पर साइबर फ्रॉड बारे शिकायत दर्ज करवाई।

# मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर पाएं वित्तीय सहायता : डीसी

- अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर सकते लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया अधिक सरल हो गई है। अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है।

### प्रक्रिया की जानकारी दी

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा, वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के पास भेजा जाएगा और जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल -अचल संपत्ति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में संपत्ति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी काबू

**सिरसा।** एबीवीटी स्टाफ पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। एबीवीटी प्रभारी गुरमेश ने बताया कि खन्ना कॉलोनी निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 5 दिसंबर की शाम को रेलवे पार्क के सामने बाइक खड़ी कर किसी काम के सिलसिले में गया हुआ था। कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया। पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच एबीवीटी स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एबीवीटी स्टाफ की एक पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

## रैन बसेरे का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

# एसडीएम ने बस स्टैंड पर जरूरतमंद को दिया कंबल

***ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं की सराहना की***

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिले में जरूरतमंद एवं बेघर लोगों को ठंड से बचाव हेतु रैन बसेरों में सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार ने नए बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

एसडीएम ने मौके पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरे में आने वाले लोगों को गर्म बिस्तर, कंबल, स्वच्छ वातावरण व सुरक्षित ठहराव की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ठंड का यह मौसम जरूरतमंदों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे रैन बसेरों का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति खुले में रात बिताने को मजबूर न हो।



**फतेहाबाद।** बस स्टैण्ड पर जरूरतमंद को कंबल देते एसडीएम राजेश कुमार।

### जरूरतमंद व्यक्ति ठंडक में परेशान न रहे

निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड फतेहाबाद पर एक जरूरतमंद व्यक्ति मिला, जिसे रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से कंबल प्रदान किया गया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रात के समय बस स्टैंड, मुख्य बाज़ार, रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें रैन बसेरों तक पहुंचाया जा सके। एसडीएम राजेश कुमार ने जीटी रोड क्षेत्र में भी निरीक्षण किया तथा मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड में परेशान न रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है और आमजन से भी अपील की कि ऐसे किसी भी बेघर या जरूरतमंद व्यक्ति की सूचना तुरंत नगर परिषद या प्रशासन को दें, ताकि उन्हें सुरक्षित ठहराव उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव रामजीलाल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जान से मारने की धमकी देने का तीसरा आरोपी काबू

- झगड़े के दौरान हथियार के बल पर वारदात को दिया था अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

झगड़े के दौरान हथियार के बल पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीसरे आरोपी को काबू किया है। युवक की पहचान अमनदीप उर्फ दीपक उर्फ दीपी पुत्र भगवान दास निवासी बुढक्र, जिला हिसार के रूप में हुई है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार भी बरामद की गई है। इससे पहले पुलिस इस प्रकरण में दो आरोपियों को काबू कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि दरियापुर निवासी सुभाष चंद्र पुत्र महेंद्र सिंह द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार 9 अगस्त की सुबह लगभग 4:20 बजे वह अपने भाई गुरमीत के साथ पानी की बारी लगाने गया था। उसी दौरान उसका चाचा जीत सिंह, उसका लडक्रा जगसीर तथा 2-3 अन्य व्यक्ति वहां आ पहुंचे। आरोप है कि जीत सिंह और जगसीर के पास तेजधार हथियार थे और उन्होंने शिकायतकर्ता को गालियां देते हुए धमकाया। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने अपने साथ आए व्यक्तियों को कार से सामान निकालने को कहा और सभी ने मिलकर शिकायतकर्ता व उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों के हाथों में बंदूक और पिस्तौलनुमा हथियार देखकर दोनों भाई घबरा गए।